सौभाग्य · saubhagya.net · आसान गाइड

सॉफ़्टवेयर (EXE) कैसे उतारें और चलाएँ

अपने कंप्यूटर पर ख़ुद जितनी चाहें पर्चियाँ बनाइए — सॉफ़्टवेयर मुफ़्त है, नमूना डेटा अंदर है; अपने क्षेत्र का पूरा डेटा अलग ऑर्डर से (गाइड "डेटा फ़ाइल")

शुरू करने के लिए:

मोबाइल के Chrome में **saubhagya.net** खोलिए और यह बटन दबाइए: **सॉफ़्टवेयर (EXE)**

यह काम **Windows कंप्यूटर / लैपटॉप** पर होता है — मोबाइल पर सॉफ़्टवेयर नहीं चलता।

1. सॉफ़्टवेयर उतारना (डाउनलोड)

1. कंप्यूटर के Chrome में **saubhagya.net** खोलकर **सॉफ़्टवेयर (EXE)** दबाइए — ऑर्डर पेज खुलेगा, कोई जानकारी नहीं माँगी जाती।
2. **आपका कंप्यूटर — कौन-सा Windows?** में **💻 Windows 10 / 11** चुनिए; बहुत पुराना कंप्यूटर हो तो **Windows 7 / 8 (पुराना)**। (पता न हो: This PC / My Computer पर right-click → Properties।)
3. **⬇ सॉफ़्टवेयर डाउनलोड — मुफ़्त** दबाइए — फ़ाइल **saubhagya-voter-slip-sample.exe** उतरेगी (लगभग 60–80 MB; 2–5 मिनट)। Chrome ऊपर दाईं ओर डाउनलोड दिखाता है।
4. पेज पर लिखा **खोलने का कोड: Guest@123** नोट कर लीजिए — नमूना सॉफ़्टवेयर पहली बार यही कोड माँगता है।

2. एक पक्की जगह रखना

1. **D ड्राइव** (या Documents) में एक नया फ़ोल्डर बनाइए — नाम **Saubhagya** (right-click → New → Folder)।

2. Downloads से EXE फ़ाइल को **इस फ़ोल्डर में ले जाइए** (cut-paste)। Downloads में ही छोड़ेंगे तो बाद में ढूँढना और डेटा लगाना मुश्किल होगा।

3. पहली बार खोलना

1. EXE फ़ाइल पर **दो बार क्लिक** कीजिए।
2. Windows नीला डिब्बा दिखाए — "Windows protected your PC" — तो **More info** दबाइए, फिर **Run anyway**। (सिर्फ़ पहली बार आता है; सॉफ़्टवेयर सुरक्षित है।)
3. कोड माँगे तो **Guest@123** भरिए।
4. सॉफ़्टवेयर खुल जाएगा। इसमें पूरे राजस्थान का **नमूना डेटा** पहले से है — सभी 41 ज़िले, हर वार्ड / क्षेत्र के पहले 15 मतदाता, चारों पद — ताकि आप चलाकर देख सकें।
5. खुलते ही उसी फ़ोल्डर में अपने-आप दो फ़ोल्डर बन जाते हैं: **"सौभाग्य डेटा"** (इसमें असली डेटा फ़ाइल रखनी है) और **"सौभाग्य PDF"** (बनी हुई पर्चियाँ यहाँ मिलेंगी)।

> अपने क्षेत्र का पूरा डेटा "डेटा — सॉफ़्टवेयर के लिए" बटन से ऑर्डर होता है — अलग गाइड "डेटा फ़ाइल (.sbd)" देखिए।

4. पर्ची बनाना और प्रिंट

1. ऊपर **चुनाव / पद** चुनिए (पंच, सरपंच, पंचायत समिति, ज़िला परिषद), फिर ज़िला → पंचायत समिति → ग्राम पंचायत → वार्ड / क्षेत्र।
2. **डिज़ाइन** चुनिए, प्रत्याशी का नाम / चिन्ह / क्रम संख्या भरिए (चिन्ह वाली डिज़ाइन में), और **PDF बनाइए** दबाइए।
3. PDF **"सौभाग्य PDF"** फ़ोल्डर में बनेगी — वहीं से खोलकर प्रिंट कीजिए (A4, fit to page, एक तरफ़)।

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

"Windows protected your PC" बार-बार आए?

More info → Run anyway दबाइए। कुछ antivirus भी रोकते हैं — उसमें "Allow" कीजिए।

सॉफ़्टवेयर खुलता ही नहीं?

Windows 7 / 8 है तो "Windows 7 / 8" वाला EXE उतारिए — Windows 10 / 11 वाला उस पर नहीं चलता। फिर भी न खुले तो हमें फ़ोन कीजिए।

PDF कहाँ बनी?

EXE के बगल वाले "सौभाग्य PDF" फ़ोल्डर में। वहाँ न लिख पाए तो Documents के अंदर "सौभाग्य PDF" में।

मदद चाहिए? कॉल या WhatsApp कीजिए

99833 33119

ऑर्डर नंबर (VS....) ज़रूर लिखिए